Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to connect Sri Ganganagar district in Rajasthan with flight services-laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (**गंगानगर**): मेरा संसदीय क्षेत्र जिला श्रीगंगानगर एक सीमावर्ती जिला है, जोकि सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत ही महत्वपूर्ण है, जिसको हवाई मार्ग से जोड़ा जाना अत्यंत ही आवश्यक है । देश व प्रदेश की राजधानी से यहाँ की दूरी लगभग 500 किलोमीटर है और यातायात का प्रमुख साधन सड़क मार्ग या रेल मार्ग ही है । इन मार्गों के द्वारा सफ़र करने में लोगों को जयपुर व दिल्ली आने-जाने के लिए 10 घंटों का समय लगता है । अत: मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि उड़ान योजना के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर को हवाई मार्ग से जोड़ने, एयरपोर्ट पर तकनीकी सुविधाओं और मानक मापदंडों समेत एयर ट्रैफिक कंट्रोल प्रणाली को स्थापित करने का कष्ट करें ।